अफ्रीका में शेरों की संख्या में गिरावट

प्रिलिम्स के लिये:

शेर संरक्षण, अफ्रीकी और एशियाई शेर

मेन्स के लिये:

शेरों के संरक्षण से संबंधित पहल

स्रोत: डाउन टू अर्थ

चर्चा में क्यों?

नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में प्रकाशित एक शोध में पाया गया है कि **अफ्रीकी देशों के 62 भौगोलिक स्थानों** (सामाजिक व आर्थिक महत्त्व वाले क्षेत्र) **में** शेरों **की संख्या यहाँ की वहन क्षमता से काफी कम हो गई है**, जो शेरों की आबादी से संबंधित चिंताओं पर प्रकाश डालता है।

- **इस अध्ययन के अनुसार, शेरों की वर्तमान संख्या 20,000 से 25,000 के बीच होने का अनुमान है** और इसमें लगातार गिरावट आने की भी संभावना है।

प्रमुख बिंदु:

- अफ्रीका के 62 भौगोलिक स्थानों के लगभग **41.9% क्षेत्रों में 50 से कम शेर पाए गए** और उनमें से 10 भौगोलिक स्थानों में शेरों की आबादी लगभग 50-100 होने की सूचना दी गई है।
- पूरे अफ्रीका में केवल सात भौगोलिक स्थानों पर 1000 से अधिक शेरों की आबादी होने की सूचना मिली।
- पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका में **अवैध शिकार, मानव-शेर संघर्ष के कारण हत्या** आदि जैसी घटनाएँ शेरों के अस्तित्व के लिये खतरा उत्पन्न करती हैं।
- ज़ाम्बिया में **नसुम्बु राष्ट्रीय उद्यान** और **मोज़ाम्बिक में लिम्पोपो राष्ट्रीय उद्यान**, शेर संरक्षण से संबंधित दो महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय उद्यान हैं, इनमें शेर के अवैध शिकार के कारण शेरों की संख्या काफी तेज़ी से घट रही है।
- शोध में पाया गया कि **बोत्सवाना, दक्षिण अफ्रीका, ज़िम्बाब्वे और नामीबिया जैसे दक्षिणी अफ्रीकी देशों में वर्ष** 1993 और वर्ष 2014 के बीच इनकी **संख्या में 12% की वृद्धि दर्ज की गई है।**
- लेकिन शेरों के शेष आवासों में **60% की गिरावट** देखी गई है, विशेषकर पश्चिम और मध्य अफ्रीका में।

शेर से संबंधित महत्त्वपूर्ण तथ्य:

- **वैज्ञानिक नाम:** पैंथेरा लियो (Panthera leo)
- **परिचय**:
  - शेर को दो उप-प्रजातियों में विभाजित किया गया है: अफ्रीकी शेर (Panthera leo leo) और एशियाई शेर (Panthera leo persica)।
  - **एशियाई शेर अफ्रीकी शेरों की तुलना में थोड़े छोटे होते हैं।**
  - एशियाई शेरों में पाए जाने वाली सबसे महत्त्वपूर्ण रूपात्मक विशेषता यह है कि उनके पेट की त्वचा पर विशिष्ट लंबवत फोल्ड होते हैं। यह विशेषता अफ्रीकी शेरों में काफी दुर्लभ होती है।
- **प्राणिजगत में शेरों की भूमिका**
  - शेर वन पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं, वह अपने आवास का शीर्ष शिकारी है, जो चरवाहों की आबादी को नियंत्रित कर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।
  - शेर अपने शिकार की आबादी को स्वस्थ रखने और उनके बीच लचीलापन बनाए रखने में भी योगदान देते हैं, क्योंकि वे झुंड के सबसे कमज़ोर सदस्यों को निशाना बनाते हैं। इस प्रकार अप्रत्यक्ष रूप से शिकार आबादी में रोग नियंत्रण में मदद करता है।

- **खतरा:**
    - अवैध शिकार, एक स्थान पर रहने वाली एक ही तरह की आबादी से उत्पन्न आनुवंशिक अंतर्प्रजनन, रोग जैसे- प्लेग, कैनाइन डिस्टेंपर या प्राकृतिक आपदा।
- **संरक्षण स्थिति:**
    - IUCN लाल सूची: सुभेद्य (Vulnerable)
        - एशियाई शेर: **संकटग्रस्त (Endangered)**
    - CITES: भारत में पाई जाने वाली आबादी परिशिष्ट- I में एवं अन्य सभी आबादी परिशिष्ट- II में
    - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972: अनुसूची I
- **भारत में स्थिति:**
    - भारत एशियाई शेरों का निवास स्थल है, जो सासन-गिर राष्ट्रीय उद्यान (गुजरात) के संरक्षित क्षेत्र में पाए जाते हैं।
    - वर्ष 2015 और वर्ष 2020 के बीच शेरों की आबादी 523 से बढ़कर 674 हो गई।
- **विश्व में शेरों की संख्या:**
    - IUCN के अनुसार, शेरों की आबादी कुल मिलाकर लगभग 23000 से 39000 होने का अनुमान है, जो अधिकतर सहारा देशों में पाई जाती है।

भारत में शेरों के संरक्षण का प्रयास:

- **प्रोजेक्ट लायन**: यह कार्यक्रम एशियाई शेर के संरक्षण के लिये शुरू किया गया है, जिनकी आखिरी बची हुई आबादी गुजरात के एशियाई शेर लैंडस्केप में पाई जाती है।
- **एशियाई शेर संरक्षण परियोजना**: इस परियोजना में एशियाई शेर के समग्र संरक्षण हेतु रोग नियंत्रण और पशु चिकित्सा देखभाल के लिये बहु-क्षेत्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय के माध्यम से समुदायों की भागीदारी के साथ वैज्ञानिक प्रबंधन की परिकल्पना की गई है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न:

प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2019)

1. एशियाई शेर प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
2. दो-कूबड़ वाला ऊँट प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।
3. एक-सींग वाला गैंडा प्राकृतिक रूप से सिर्फ भारत में पाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (a)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shrinking-lion-numbers-in-africa